पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

18th September, 2024

पीएफसी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार को 462 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया

नई दिल्ली: महारत्न कंपनी और बिजली क्षेत्र की अग्रणी एनबीएफसी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) ने वित्तीय वर्ष **2023-24** के लिए अंतिम लाभांश के रूप में भारत सरकार को **462** करोड़ रुपये और अन्य शेयरधारकों को **363** करोड़ रुपये**,** यानी कुल **825** करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए, पीएफसी ने 4455 करोड़ रुपये का लाभांश दिया, जिसमें से 462 करोड़ रुपये के अंतिम लाभांश सहित 2495 करोड़ रुपये भारत सरकार को 55.99% शेयरधारिता के बदले में दिए गए। **यह पीएफसी द्वारा किसी भी वित्तीय वर्ष में दिया गया अब तक का सबसे अधिक लाभांश है।**

निदेशक मंडल द्वारा पहले नवंबर 2023, फरवरी 2024 और मार्च 2024 में क्रमशः 45%, 35% और 30% यानी 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 4.5 रुपये, 3.5 रुपये और 3 रुपये का अंतरिम लाभांश घोषित किया गया था, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 25% यानी 2.5 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश के अतिरिक्त है।

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, पीएफसी ने 14,367 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सर्वाधिक कर पश्चात लाभ (पीएटी) अर्जित किया।



पीएफसी की सीएमडी श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, केंद्रीय विद्युत, आवास और शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल एवं भारत सरकार के विद्युत सचिव श्री पंकज अग्रवाल को *462* करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश प्रदान करते हुए। इस अवसर पर पीएफसी के निदेशक (वाणिज्यिक) श्री मनोज शर्मा और निदेशक (वित्त) श्री संदीप कुमार भी उपस्थित थे।

अधोहस्ताक्षरी /-
(एस.एस. राव)
मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)

पंजीकृत कार्यालय : ''ऊर्जानिधि'', 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : 23456000 फैक्स : 011-23412545
Regd. Office : "Urjanidhi", 1, Barakhamba Lane, Connaught Place, New Delhi-110001 Phones : 23456000 Fax : 011-23412545
वैबसाईट / Website : www.pfcindia.com ● **CIN : L65910DL1986GOI024862**